**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2023-24)**

**हिंदी (आधार)**

**कोड संख्या - 302**

**कक्षा – बारहवीं**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक :80**

**सामान्य निर्देश**:

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए:-
- इस प्रश्न पत्र के खंड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं| प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 14 है|
- खंड अ में उप प्रश्नों सहित 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं।
- खंड 'ब' में 08 वर्णनामक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- दोनों खंडों के प्रश्नोत्तर यथासंभव क्रमशः करने का प्रयास कीजिए।

| | **खंड – अ (वस्तुपरक प्रश्न)** | |
|---|---|---|
| **प्रश्न संख्या** | **अपठित बोध** | **अंक** |
| **प्रश्न 1.** | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | **1×10=10** |
| | मनुष्य का मन बड़ा ही विचित्र होता है। जिस प्रकार किसी के दुख को देखकर मन दुखी होता है, उसी प्रकार दूसरों के सुख को देखकर भी दुखी होता है। इसी को ईर्ष्या कहते हैं। ईर्ष्या एक अनावश्यक विकार है, जिसका त्याग किया जा सकता है। जब हम किसी विषय में अपनी स्थिति या अपने को उन्नत कर सकने में अयोग्य पाते हैं, तभी इस इच्छा का उदय होता है। या फिर किसी व्यक्ति विशेष की स्थिति हमारी तुलना में हमसे बढ़कर न होने पाए, यह इच्छा बढ़ कर द्वेष में परिवर्तित हो जाती है। अगर दो व्यक्ति किसी एक पद के लिए प्रयास करते हैं और उन दोनों में से एक व्यक्ति अच्छे पद पर पहुँच जाता है, तो वह अक्सर चाहता है कि | |

| | | |
|---|---|---|
| | दूसरा किसी अच्छे पद पर न पहुँचने पाए और अपनी उन्नति के रास्तों को सर्वथा गुप्त रखता है और मनुष्य का मन इस तरह भी काम करता है।<br>ईर्ष्या एक छिपी हुई वृत्ति है। इसे धारण करने वाला इंसान भी कभी स्वीकार नहीं कर पाता कि उसे किसी से ईर्ष्या है। वह प्रत्यक्ष रूप से लोगों के सामने कभी नहीं दर्शाता है, न ही इसका कोई बाहरी लक्षण दिखाई पड़ता है। मसलन, क्रोध में आँखें लाल हो जाना, भय में आकुल होना, नाक-भौं सिकुड़ जाना आदि। ईर्ष्या इतनी कुत्सित वृत्ति है कि सभा, समाज, मित्र-मंडली, परिवार में, एकांत कोठरी में कहीं भी स्वीकार नहीं की जाती। लोग अपना क्रोध, भय, लोभ और यहाँ तक कि घृणा करना भी स्वीकार कर लेते हैं, पर ईर्ष्या करना आमतौर पर स्वीकार नहीं करते, क्योंकि स्वयं लोगों को भी नहीं लगता कि वह ईर्ष्या वृत्ति से ग्रसित हैं।<br>हालांकि ईर्ष्या करने का परिणाम अक्सर निष्फल ही जाता है। अधिकतर तो जिस बात से हम सब ईर्ष्या करते हैं, वह ऐसी बात होती है, जिस पर हमारा तनिक भी बस नहीं चलता। जब अपनी स्थिति में मनोनुकूल परिवर्तन करने की सामर्थ्य नहीं है, तब हम दूसरों की स्थिति में कहाँ परिवर्तन कर सकते हैं। जितनी जानकारी हमें अपनी स्थिति के बारे में होती है, उतनी दूसरी की स्थिति के बारे में नहीं होती। जबकि परिवर्तन करने के लिए पूर्णरूपेण किसी वस्तु के बारे में जानना, परिचित रहना आवश्यक है। इसलिए इसका सबसे अधिक कुप्रभाव अपनी कार्यक्षमता और मनोस्थिति पर पड़ता है।<br><br>• **साभार जनसत्ता 20 मई 2023** | |
| 1. | गद्यांश की विषयवस्तु आधारित है ?<br>(i) क्रोध की अधिकता पर<br>(ii) मन की चंचलता पर<br>(iii) ईर्ष्या की प्रधानता पर<br>(iv) लालच के प्रभाव पर | 1 |
| 2. | निम्नलिखित कथन कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-<br><br>कथन (A):- ईर्ष्या की प्रवृति उन्नति में बाधक है।<br><br>कारण (R) :- ईर्ष्या करने से सकारात्मक परिणाम नहीं मिलते तथा मन में खटास बढ़ जाती है।<br><br>(i) कथन (A) गलत और कारण (R) सही है<br>(ii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन(A) की सही व्याख्या है<br>(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | 'नाक- भौंह सिकुड़ जाना' मुहावरे का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है?<br>(i) ईर्ष्या के संदर्भ में<br>(ii) लालच के संदर्भ में<br>(iii) घृणा के संदर्भ में<br>(iv) प्रेम के संदर्भ में | 1 |
| 4. | ईर्ष्या निम्नलिखित में से किस विकार की श्रेणी में आती है?<br>(i) कर्म आधारित<br>(ii) विचार आधारित<br>(iii) मन आधारित<br>(iv) गुण आधारित | 1 |
| **5.** | मन को विचित्र कहा गया है, क्यों?<br>(i) दूसरों से ईर्ष्या भाव के कारण<br>(ii) स्थिर भाव में न रहने के कारण<br>(iii) जीवन की असफलता के कारण<br>(iv) मानसिक विकार के कारण | 1 |
| 6. | गद्यांश के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है-<br>कथन -1 ईर्ष्या मन का विकार है<br>कथन -2 ईर्ष्या एक मनोवृति है<br>कथन -3 मनुष्य ईर्ष्या से मुक्त नहीं हो सकता<br>कथन -4 ईर्ष्या के परिणाम सुखद होते हैं<br>(i) कथन – 1 व 2 सही है<br>(ii) कथन – 1 व 3 सही है<br>(iii) कथन – 2 व 4 सही है<br>(iv) कथन – 3 व 2 सही है | 1 |
| 7. | मनुष्य अपनी उन्नति के रास्तों को किसी से साझा नहीं करता, आखिर क्यों?<br>(i) प्रेम के कारण<br>(ii) दूसरे उससे आगे न निकल जाएँ<br>(iii) प्रगति के कारण<br>(iv) बड़प्पन के कारण | 1 |
| 8. | ईर्ष्या करने वाला व्यक्ति स्वयं को ईर्ष्यालु नहीं मानता क्योंकि.......<br>(i) दूसरों को अज्ञानी समझने के कारण<br>(ii) अत्यधिक समझदार मानने के कारण<br>(iii) अपनी ईर्ष्यावृति को न जान पाने के कारण<br>(iv) सत्य को स्वीकार करने में अक्षम होने के कारण | 1 |
| 9. | मनुष्य का मन बड़ा ही विचित्र होता है, यह किस प्रकार का वाक्य है?<br>(i) तथ्यपरक<br>(ii) विचारपरक<br>(iii) सुझावात्मक | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) तर्कात्मक | |
| 10. | ईर्ष्या को मन की कुत्सित वृत्ति कहने के पीछे लेखक की धारणा है ?<br>(i) उदारता<br>(ii) मन की स्थिरता<br>(iii) अस्वीकार्यता<br>(iv) स्वीकार्यता | 1 |
| | | |
| प्रश्न 2. | दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | 5×1=5 |
| | वीरों का कैसा हो वसंत?<br>आ रही हिमाचल से पुकार,<br>है उदधि गरजता बार-बार,<br>प्राची, पश्चिम, भू, नभ अपार,<br>सब पूछ रहे हैं दिग्-दिगंत,<br>वीरों का कैसा हो वसंत?<br>फूली सरसों ने दिया रंग,<br>मधु लेकर आ पहुँचा अनंग,<br>वधु-वसुधा पुलकित अंग-अंग,<br>हैं वीर वेश में किंतु कंत,<br>वीरों का कैसा हो वसंत?<br>भर रही कोकिला इधर तान,<br>मारू बाजे पर उधर गान,<br>है रंग और रण का विधान,<br>मिलने आये हैं आदि-अंत,<br>वीरों का कैसा हो वसंत?<br>गलबाँहें हों, या हो कृपाण,<br>चल-चितवन हो, या धनुष-बाण,<br>हो रस-विलास या दलित-त्राण,<br>अब यही समस्या है दुरंत,<br>वीरों का कैसा हो वसंत?<br>कह दे अतीत अब मौन त्याग,<br>लंके, तुझमें क्यों लगी आग?<br>ऐ कुरुक्षेत्र! अब जाग, जाग,<br>बतला अपने अनुभव अनंत,<br>वीरों का कैसा हो वसंत?<br>हल्दी-घाटी के शिला-खंड,<br>ऐ दुर्ग! सिंह-गढ़ के प्रचंड,<br>राणा-ताना का कर घमंड,<br>दो जगा आज स्मृतियाँ ज्वलंत,<br>वीरों का कैसा हो वसंत? | |

| | | |
|---|---|---|
| | भूषण अथवा कवि चंद नहीं,<br>बिजली भर दे वह छंद नहीं,<br>है क़लम बँधी, स्वच्छंद नहीं,<br>फिर हमें बतावे कौन? हंत!<br>वीरों का कैसा हो वसंत?<br><br>• **कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के कविता संग्रह से उद्धृत** | |
| 1. | 'वीरों का वसंत कैसा होगा' ये पुकार कहाँ से आ रही है?<br>(i) उदधि से<br>(ii) नभ से<br>(iii) हिमाचल से<br>(iv) पृथ्वी से | 1 |
| 2. | फूली सरसों ने वीरों के जीवन पर क्या प्रभाव डाला है?<br>(i) खुशियों के रंग भर दिए हैं<br>(ii) फूलों के रंग भर दिए हैं<br>(iii) तीखी गंध को जीवन में फैला दिया है<br>(iv) युद्ध को समाप्त कर दिया है | 1 |
| 3. | 'मारू बाजे पर उधर गान,<br>है रंग और रण का विधान,'<br>वीरों के लिए वसंत के रंग और रण का स्वरूप है-<br>(i) वसंत ऋतु के रंगोत्सव में मुग्ध होना<br>(ii) वासंती चोला पहनकर देश-रक्षा हेतु रणभूमि में जाना<br>(iii) वीरता और बलिदान वसंत के रंग और रण का स्वरूप है<br>(iv) जीवन-मृत्यु को अपने हाथ में लेकर चलना | 1 |
| 4. | कविता में कवि अतीत से मौन त्यागने के लिए क्यों कह रहे हैं ?<br>(i) युद्ध में विनाश के परिणाम के कारण<br>(ii) अधर्म और अन्याय की राह पर चलने के कारण<br>(iii) वर्तमान पीढ़ी को अतीत से सीख लेने को प्रेरित करना<br>(iv) युद्ध की विभीषिका से बचाव के लिए | 1 |
| 5. | हल्दीघाटी और सिंहगढ़ के किले जैसे स्थलों का आह्वान क्यों किया गया ?<br>(i) वीरों की. ज्वलंत स्मृतियों को जगाने के लिए<br>(ii) देश पर कुर्बान होने के लिए<br>(iii) नई पीढ़ी में जोश भरने के लिए<br>(iv) अतीत में हुए युद्ध के सच को बताने के लिए | 1 |

| प्रश्न संख्या | अभिव्यक्ति और माध्यम | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न 3.** | निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – | **1×5=5** |
| 1. | कौन से 'ककार' सूचनात्मक और तथ्यों पर आधारित होते हैं ?<br>(i) क्या, कौन, कब और कहाँ<br>(ii) क्यों, क्या, कौन और कब<br>(iii) कौन, कैसे, कब और क्या<br>(iv) कहाँ, कब, कैसे और क्यों | 1 |
| 2. | सार्वजनिक रूप से प्राप्त तथ्यों की गहरी छान-बीन कर उसके महत्त्वपूर्ण पक्षों को पाठकों के सामने लाया जाता है, वह _____रिपोर्ट कहलाती है-<br>(i) इंडेप्थ रिपोर्ट<br>(ii) विवरणात्मक रिपोर्ट<br>(iii) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट<br>(iv) खोजी रिपोर्ट | 1 |
| 3. | लोकतांत्रिक समाज में एक पहरेदार, शिक्षक और जनमत निर्माता के तौर पर कौन बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है?<br>(i) समाचार पत्र<br>(ii) फीचर<br>(iii) स्तंभ<br>(iv) आलेख | 1 |
| 4. | शशिशेखर जो अपने खास वैचारिक रुझान के लिए जाने जाते हैं, ऐसे लेखक की लोकप्रियता को देखकर उन्हें समाचार-पत्र के लिए क्या कार्य सौंपा जाता है?<br>(i) नियमित स्तंभ लेखन<br>(ii) नियमित फीचर लेखन<br>(iii) समाचार लेखन<br>(iv) आलेख लेखन | 1 |
| 5 | प्रिन्ट माध्यम के बारे में कौनसा कथन असत्य है -<br>(i) प्रिन्ट माध्यमों के छपे शब्दों में स्थायित्व होता है<br>(ii) निरक्षरों के लिए मुद्रित माध्यम किसी काम के नहीं हैं<br>(iii) रेडियो, टी. वी. या इंटरनेट की तरह तुरंत घटी घटनाओं को संचालित कर सकते हैं<br>(iv) पाठकों की रुचियों और ज़रूरतों का भी पूरा ध्यान रखना पड़ता है | 1 |
| **प्रश्न संख्या** | **पाठ्यपुस्तक आरोह भाग 2** | **अंक** |
| **प्रश्न 4.** | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए - | **1X5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने<br>कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने?<br>बाहर भीतर<br>इस घर, उस घर<br>कविता के पंख लगा उड़ने के माने<br>चिड़िया क्या जाने?<br>कविता एक खिलना है फूलों के बहाने<br>कविता का खिलना भला फूल क्या जाने!<br>बाहर भीतर<br>इस घर, उस घर<br>बिना मुरझाए महकने के माने<br>फूल क्या जाने?<br>कविता एक खेल है बच्चों के बहाने<br>बाहर भीतर<br>यह घर, वह घर<br>सब घर एक कर देने के माने<br>बच्चा ही जाने। | |
| 1. | कविता में चिड़िया का वर्णन करने के पीछे, कवि का उद्देश्य निहित है-<br>(i) मन के भावों को व्यक्त करना<br>(ii) कल्पनाओं के महत्त्व को स्थापित करना<br>(iii) भावों को असीम बताना<br>(iv) कविता की शक्ति से परिचित कराना | 1 |
| 2. | निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-<br>कथन (A):- चिड़िया की उड़ान सीमित है<br>कारण (R) :- कविता की उड़ान असीमित है<br>(i) कथन (A) गलत और कारण (R) सही है<br>(ii) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है<br>(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है | 1 |
| 3. | निम्नलिखित कथनों में से कविता के संदर्भ में कौन सा कथन सही है –<br>(A) कवि के भाव सीमित होते हैं<br>**(B)** कविता के अर्थ असीमित होते हैं<br>(C) चिड़िया कविता की तरह होती है<br>(D) फूल खिलकर मुरझा जाते हैं<br>**(i)** कथन (A) सही है<br>**(ii)** कथन (B) सही है<br>**(iii)** कथन (B) और कथन (D) सही है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(iv)** कथन (A) और कथन (C) सही है | |
| 4. | 'सब घर एक कर देने का' – मूल आशय है<br>(i) भेदभाव नहीं रखना<br>(ii) कविता का सभी जगह होना<br>(iii) मनोभावों को व्यक्त करना<br>(iv) समान भाव से देखना | 1 |
| 5. | कविता एक खेल है – कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?<br>(i) भावों एवं शब्दों से खेलने के कारण<br>(ii) चिड़िया के उड़ान भरने के कारण<br>(iii) बच्चों क खेलने-कूदने के कारण<br>(iv) सब घर एक कर देने के कारण | 1 |
| **प्रश्न 5.** | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निर्देशानुसार उचित विकल्प का चयन कीजिए- | **1×5=5** |
| | शिरीष के फूल की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब-कुछ कोमल है! यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते। जब तक नए फल-पत्ते मिलकर,धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं। वसंत के आगमन<br>के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं। मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है, जो किसी प्रकार जमाने का रुख नहीं पहचानते और जब तक नयी पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं\| | |
| 1. | शिरीष के नए फूल और पत्तों का पुराने फलों के प्रति व्यवहार संसार में किस रूप में देखने को मिलता हैं?<br>(i) नवीनता के परिचायक के रूप में<br>(ii) प्राचीन रूढ़िवादिता के रूप में<br>(iii)जीवन के कठिन और संघर्षपूर्ण रूप में<br>(iv)विषम परिस्थितियों में भी समानता के स्वरूप में | 1 |
| 2. | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए-<br>**कथन(A) :** वसंत के आगमन के समय जब<br>सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित<br>होती रहती है, शिरीष के पुराने<br>फल बुरी तरह खड़खड़ाते<br>रहते हैं।<br>**कारण(R) :** शिरीष के पुराने फल वे राजनेता हैं जो कि जमाने के रुख को नहीं पहचान पाते और अपने आसनों से चिपके रहना चाहते हैं।<br>(i) कथन(A) सही है, कारण(R) गलत है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) दोनों सही हैं, कारण(R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है<br>(iii) कथन (A) सही नहीं है, कारण(R) सही है<br>(iv) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों सही हैं, किंतु कारण(R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता | |
| 3. | कवियों को परवर्ती कहने के पीछे लेखक का आशय क्या है-<br>(i) संघर्षशील परिस्थितियों में जिजीविषा को बनाए रखना<br>(ii) शिरीष को आधार मान के कवियों को 'परवर्ती' कहना<br>(iii) परवर्ती कवियों का शिरीष के फूल की तरह कोमल और मादक होना<br>(iv) कवि का शिरीष की तरह जीवन की अजेयता का मंत्र पढ़ना | 1 |
| 4. | गद्यांश में निहितार्थ मूल भाव को स्पष्ट कीजिए-<br>(i) परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है<br>(ii) जीवन में हर एक स्थिति समान होती है<br>(iii) शिरीष के फूल अमरत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं<br>(iv) विपरीत परिस्थितियों में सौंदर्य का त्याग | 1 |
| 5. | शिरीष के फूलों और आधुनिक नेताओं के स्वभाव में लेखक को क्या समानता दिखाई पड़ती है?<br>(i) पद के प्रति आसक्ति<br>(ii) आधुनिक नेता शिरीष के समान<br>(iii) शिरीष के फूल और आधुनिक नेता दोनों सेवा भावना रखते हैं<br>(iv) आधुनिक नेता भी अपने व्यक्तिगत गुणों के बल पर लोगों को प्रेरित करते हैं | 1 |
| **प्रश्न संख्या** | **पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2** | **अंक** |
| **प्रश्न 6.** | निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - | **1×10=10** |
| 1. | हम पुरानी चाल के, हमारी घड़ी पुरानी चाल की" - इस पंक्ति के माध्यम से यशोधर बाबू क्या समझाना चाहते हैं?<br>(i) यशोधर बाबू को पुरानी चीज़ें पसंद हैं<br>(ii) यशोधर बाबू को नई चीज़ें बिलकुल पसंद नहीं हैं<br>(iii) यशोधर बाबू पुराने ख्यालात के हैं | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) यशोधर बाबू को पुरानी घड़ी पसंद है | |
| 2. | 'जूझ' पाठ के पात्र दत्ताजी राव देसाई के चरित्र की मुख्य विशेषता क्या है ?<br>(i) संकोची प्रवृति<br>(ii) प्रभावी व्यक्तित्त्व<br>(iii) प्रेरणादायक<br>(iv) मृदुभाषी | 1 |
| 3. | गधा पचीसी में कोई क्या करता है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि बाद में हर आदमी समझदार हो जाता है। इस पंक्ति का आशय है-<br>(i) हर आदमी गधा होता है<br>(ii) 25 साल तक आदमी गधा होता है<br>(iii) जिम्मेदारी आने पर हर आदमी समझदार हो जाता है<br>(iv) 25 साल के बाद ही समझदारी आती है | 1 |
| 4. | हम सिंधु घाटी सभ्यता को जल संस्कृति कह सकते हैं क्योंकि वहाँ-<br>(i) जल का अभाव था<br>(ii) जल की अधिक आवश्यकता थी<br>(iii) जल की उचित व्यवस्था थी<br>(iv) प्रतिवर्ष बाढ़ आती थी | 1 |
| 5. | पहले आनंदा को अकेलापन बहुत खटकता था, अब अकेलेपन से कोई ऊब नहीं होती। इस परिवर्तन के क्या कारण हैं?<br>(i) पढ़ाई में मन लगना<br>(ii) खेती में मन लगना<br>(iii) कविता में मन लगना<br>(iv) दोस्तों के साथ समय बिताना। | 1 |
| 6. | एनीवे- जेनरेशनों में गैप तो होता ही है" – कथन किसका है?<br>(i) यशोधर बाबू की बेटी का<br>(ii) यशोधर बाबू के बड़े लड़के का<br>(iii) यशोधर बाबू की पत्नी का<br>(iv) स्वयं यशोधर बाबू का | |
| 7. | अजायबघर में प्रदर्शित चीज़ों में औजार तो हैं, पर हथियार कोई नहीं है। इस बात को लेकर विद्वान सिंधु सभ्यता के संबंध में क्या अनुमान लगाते हैं?<br>(i) वहाँ शासन व्यवस्था कमज़ोर थी<br>(ii) वहाँ ताकत से अनुशासन नहीं था<br>(iii) वहाँ अनुशासन ज़रूर था, पर ताकत के बल पर नहीं<br>(iv) वहाँ की सेना युद्ध में औजार का इस्तेमाल करती थी | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | 'देखना अपनी आँखों से देखना है' से तात्पर्य –<br>(i) कैमरे से तसवीर लेना<br>(ii) अपनी आँख से तसवीर देखना<br>(iii) फिल्म देखना<br>(iv) अपना अनुभव बताना | |
| 9. | उस चक्की की अपेक्षा मास्टर की छड़ी की मार अच्छी लगती थी।" इसका आशय है?<br>(i) उसे चक्की चलाना अच्छा नहीं लगता है<br>(ii) उसे मास्टर की छड़ी की मार अच्छी लगती है<br>(iii) उसे खेती की अपेक्षा पाठशाला जाना अच्छा लगता है<br>(iv) उसे पाठशाला जाने से डर लगता है | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | यशोधर बाबू के संबंध में सही विकल्प चुनिए-<br>(i) यशोधर बाबू अपने मातहतों के साथ हंसी-मजाक कर लिया करते थे<br>(ii) यशोधर बाबू एक सख्त ऑफिसर थे<br>(iii) यशोधर बाबू अपने मातहतों के साथ बैठकर गप करते थे<br>(iv) यशोधर बाबू दफ्तर में अधिक समय तक रुकना वक्त बरबाद करना समझते थे | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड- ब (वर्णनात्मक)**<br>**जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न** | **अंक- 16** |
| प्रश्न 7. | निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :-<br>1. भाई के विवाह की जब घर से ख़बर आई<br>2. सालों बाद मेट्रो में मित्र मिला<br>3. बरसात में जब हमारी गाड़ी खराब हुई | **6×1=6** |
| **प्रश्न 8.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :- | **2×2=4** |
| **8.1** | **(क)** कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय कहानी के पात्रों के प्रति किस प्रकार की सतर्कता की आवश्यकता है?<br>**अथवा**<br>**(ख)** रेडियो नाटक रंगमंचीय नाटक से किस प्रकार भिन्न है? | **2×1=2** |
| **8.2** | **(क)** रेडियो नाटक की कहानी चुनते समय हमें किन बातों पर ध्यान पर ध्यान देना चाहिए, किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए\|<br>अथवा<br>**(ख)** भाषा विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं स्वयं विचार करने का माध्यम भी है, नए एवं अप्रत्याशित विषयों के लेखन के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए\| | **2×1=2** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 9.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो प्रश्नों** के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:- | **3×2=6** |
| **9.1** | समाचार लेखन के लिए उलटा पिरामिड शैली ही उपयुक्त है, क्यों ? | **3** |
| **9.2** | पीत पत्रकारिता पत्रकारिता के मूल्यों को कमज़ोर करती है, कैसे ? स्पष्ट कीजिए। | **3** |
| **9.3** | विशेष लेखन हेतु खास योग्यता आवश्यक है, सोदाहरण समझाइए। | **3** |
| **प्रश्न 10.** | **पाठ्यपुस्तक आरोह भाग 2 पर आधारित प्रश्न**<br>निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो प्रश्नों** के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **अंक(24)**<br>**3×2=6** |
| **10.1** | शमशेर की कविता गाँव की भोर का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करने में सक्षम है,उदाहरण देकर समझाइए\| | **3** |
| **10.2** | तुलसी के समय में भी बेकारी,गरीबी एक समस्या थी,कैसे ? उचित तर्क देकर स्पष्ट करें। | **3** |
| **10.3** | चिड़िया,फूल और बच्चों के बहाने कवि ने कविता की किस विशेषता को बताने का प्रयास किया है\| | **3** |
| **प्रश्न 11.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो प्रश्नों** के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **2×2=4** |
| **11.1** | बादल राग कविता में बादल को आप किस अर्थ में समझते हैं और क्यों ? | **2** |
| **11.2** | बाज़ार सिर्फ मुनाफा देखता है संवेदना नहीं, कैमरे में बंद अपाहिज कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | **2** |
| **11.3** | "मैं और, और जग और, कहाँ का नाता" - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। | **2** |
| **प्रश्न 12.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो प्रश्नों** के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **3×2=6** |
| **12.1** | भक्तिन और लेखिका के पारस्परिक संबंधों को स्वामी-सेवक संबंध क्यों नहीं कहा जा सकता है? | **3** |
| **12.2** | बाज़ार के जादू से बचने के लिए भगत से सीखना आवश्यक है, कैसे? | **3** |
| **12.3** | " हाय! वह अवधूत आज कहाँ है ?" लेखक यहाँ किसका स्मरण कर रहा है और क्यों ? अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए। | **3** |
| **प्रश्न 13.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो प्रश्नों** के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **2×2=4** |
| **13.1** | राजा साहब ने लुट्टन को सहारा दिया था, अंत में लुट्टन की क्या स्थिति हुई और क्यों ? | **2** |
| **13.2** | 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक परंपराओं में विश्वास करता नहीं दिखाई देता है। कारण स्पष्ट कीजिए ? | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| **13.3** | जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे डॉ अंबेडकर के क्या तर्क हैं ? सोदाहरण समझाइए। | **2** |
| **प्रश्न 14.** | **पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2 पर आधारित प्रश्न**<br>निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो प्रश्नों** के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए:- | **अंक- 4**<br>**2X2=4** |
| **14.1** | सिल्वर वेडिंग कहानी में यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ बदलती है लेकिन यशोधर बाबू नहीं बदलते, क्यों ? स्पष्ट कीजिए। | **2** |
| **14.2** | जूझ कहानी के नायक के जीवन में बदलाव लाने वाले लोगों में आप किसे महत्त्वपूर्ण मानते हैं? | **2** |
| **14.3** | 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर यह स्पष्ट कीजिए कि सिंधु सभ्यता इतिहास के साथ-साथ धड़कती ज़िंदगी के अनछुए समय का दस्तावेज़ है। | **2** |